# बिहार मुक्त विद्यालयी शिक्षण एवं परीक्षा बोर्ड

**Bihar Board of Open Schooling & Examination (BBOSE)**

शिक्षा विभाग, बिहार का स्वायत्त संस्थान

An Autonomous Organisation of Department of Education, Govt. of Bihar

चाणक्य राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय परिसर, न्याय नगर, मीठापुर, पटना – 800001

Chanakya National Law University Campus, Nayay Nagar, Mithapur, Patna – 800001

Website : www.bboseonline.bih.nic.in | Phone No. : 0612-2385490, 2385491, 0612-2385492,

Email ID : info@bbose.org

बिहार सरकार


पत्रांकः– ९७।  पटना, दिनांकः– १२/१२/2025

## कार्यालय आदेश

निदेशानुसार अंकित करना है कि माह जून–2025 एवं माह दिसंबर–2025 की परीक्षा बिहार मुक्त विद्यालयी शिक्षण एवं परीक्षा बोर्ड, पटना संचालन बिहार विद्यालय परीक्षा समिति के माध्यम से माह दिसंबर–2025 में आयोजित की जा रही है उक्त परीक्षा हेतु TOC एवं COMPART के शिक्षार्थियों की परीक्षा आवेदन भरने हेतु दिनांक–18.11.2025 से दिनांक–21.11.2025 तक तिथि निर्धारित की गई, इस अवधि में कुल 2463 शिक्षार्थी के द्वारा माध्यमिक एवं उच्च–माध्यमिक परीक्षा हेतु परीक्षा आवेदन भरा गया। यह सूची NIC के द्वारा बिहार मुक्त विद्यालयी शिक्षण एवं परीक्षा बोर्ड कार्यालय को उपलब्ध कराया गया।

NIC के द्वारा उपलब्ध कराई गई सूची की अग्रेतर कार्रवाई हेतु बिहार विद्यालय परीक्षा समिति को उपलब्ध कराया गया। कतिपय कारणों से इन शिक्षार्थियों का प्रवेश–पत्र बिहार विद्यालय परीक्षा समिति के माध्यम से निर्गत नहीं किया गया अर्थात् ये सभी शिक्षार्थी संचालित परीक्षा में शामिल नहीं हो सके। TOC / COMPART शिक्षार्थियों के अतिरिक्त भी कई शिक्षार्थी, अभिभावक एवं अध्ययन केन्द्र के समन्वयक कार्यालय में उपस्थित होकर नियमित छात्र रहते हुए भी एवं परीक्षा–आवेदन भरने के बावजूद भी शिकायत दर्ज किया जा रहा कि बिहार विद्यालय परीक्षा समिति के द्वारा उनका प्रवेश–पत्र जारी नहीं किया गया।

उपर्युक्त परिस्थितियों के अवलोकन के उपरांत यह निर्णय लिया जाता है कि माह जून–2025 एवं माह दिसंबर–2025 की परीक्षा के संबंध में जिन TOC / COMPART / नियमित शिक्षार्थियों के द्वारा परीक्षा–आवेदन भरा गया है एवं बिहार विद्यालय परीक्षा समिति के द्वारा उनका प्रवेश–पत्र निर्गत नहीं किया गया है वैसे सभी शिक्षार्थियों को माह जून–2026 सत्र में आयोजित होने वाले परीक्षा में बिना अतिरिक्त शुल्क के शामिल करने हेतु कार्रवाई की जाएगी। इस हेतु शिक्षार्थी को अलग से कोई शुल्क देय न होगा।

सचिव  
बिहार मुक्त विद्यालयी शिक्षण  
एवं परीक्षा बोर्ड, पटना

ज्ञापांकः– ९७।  पटना, दिनांकः– १२/१२/2025

प्रतिलिपिः– (क) वरीय तकनिकी निदेशक, NIC, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कायार्थ प्रेषित।

(ख) परीक्षा नियंत्रक माध्यमिक एवं उच्च–माध्यमिक, बिहार विद्यालय परीक्षा समिति, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कायार्थ प्रेषित।

(ग) उप निदेशक (मा०) एवं उपनिदेशक (उ०मा०) को सूचनार्थ प्रेषित।

(घ) सभी समन्वयक (अध्ययन केन्द्र) बिहार मुक्त विद्यालयी शिक्षण एवं परीक्षा बोर्ड, पटना को सूचनार्थ प्रेषित।

(ङ) प्रोग्रामर बिहार मुक्त विद्यालयी शिक्षण एवं परीक्षा बोर्ड, पटना को सूचनार्थ एवं कार्यार्थ प्रोग्रामर बिहार मुक्त विद्यालयी शिक्षण एवं परीक्षा बोर्ड, पटना के वेबसाइट पर कार्यालय आदेश अपलोड करा देंगे।

**सचिव**
बिहार मुक्त विद्यालयी शिक्षण
एवं परीक्षा बोर्ड, पटना

Amit Paswan
10/12/25